## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गन्ने की खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए केन्द्र सरकार गठित करेगी विशेष टीम। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–टीम की मदद से तैयार होंगी गन्ना नीति और अनुसंधान दिशाएं।
- राज्य में आज से शुरू होगी खरीफ विपणन वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के तहत धान की खरीद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खरीद के अड़तालीस घंटे के भीतर भुगतान करने के दिए निर्देश।
- शारदीय नवरात्रि के आखिरी दिन शक्तिपीठों और मंदिरों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। कड़ी सुरक्षा के बीच माता का दर्शन पूजन जारी। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करेंगे मुख्यमंत्री।
- आज से लागू हो रहे हैं ट्रेन टिकट बुकिंग के नये नियम।

**********

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि देश में गन्ना खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा। वह कल नई दिल्ली में सतत गन्ना अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय परामर्श को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह टीम किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के हितधारकों से सुझाव लेकर गन्ना नीति और अनुसंधान दिशाएँ तैयार करेगी।

**********

खरीफ विपणन वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के अंतर्गत प्रदेश में धान और श्रीअन्न की खरीद प्रक्रिया आज से शुरू हो जाएगी। राज्य के पश्चिमी जनपदों और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, और सीतापुर में धान की खरीद आज से होगी, जबकि पूर्वी जनपदों में पहली नवम्बर से धान खरीद शुरू होगी। खरीफ विपणन वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के अंतर्गत होने वाली इस खरीद के लिए तेईस हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। राज्य के पश्चिमी जनपदों में इकतीस जनवरी और पूर्वी जनपदों में अट्ठाइस फरवरी दो हजार छब्बीस तक खरीद प्रक्रिया चलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खरीद के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। धान बिक्री के लिए किसानों का खाद्य व रसद विभाग की वेबसाइट या यूपी किसान मित्र मोबाइल ऐप पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव बाइस सितम्बर से शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

***उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने के लिए जीएसटी परिषद में एयर कंडीशनर और डिशवॉशर पर जीएसटी की दर को 28ः से घटकर 18ः कर दी है । इस महत्वपूर्ण कदम से मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ काम होगा जिससे वह इन सामानों को आसानी से खरीद सकेंगे। साथ ही डिशवॉशर पर जीएसटी दर कम होने से वह लोगों के लिए और अधिक किफायती हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी और नॉन टीवी मॉनिटर पर भी जीएसटी की दर 28ः से घटकर 18ः हो गई है । इसके साथ ही नई जीएसटी सुधारो से प्लास्टिक, वायरिंग, कूलिंग सिस्टम, एलइडी पैनल और असेंबली सेवाओं के क्षेत्र में एमएसएमई के लिए और अधिक अवसर पैदा होंगे। शिवांग के साथ दिलनशी आरजू आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन तथा प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला 'सेवा पर्व' में प्रस्तुत है ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा और उससे भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम को मिल रही नई गति को लेकर एक रिपोर्ट।

***जब ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पे पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री के रूप में इतिहास रचा तो वे अपने साथ एक अरब 40 करोड़ भारतीयों के सपने लेकर गए थे। यह उपलब्धि कोई अकेली घटना नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की व्यापक महात्वाकांक्षाओं का एक हिस्सा है। अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पे कैप्टन शुक्ला से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि अब भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की सफलता की ओर पहला कदम है।***

***मैं विश्वास से कह सकता हूं कि ये भारत के गगनयान मिशन की सफलता का पहला अध्याय है। आपकी यह ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक सीमित नहीं है। यह हमारी विकसित भारत की यात्रा को तेज गति और नई मजबूती देगी। भारत दुनिया के लिए स्पेस की नई संभावनाओं के द्वार खोलने जा रहा है ।***

***अंतरिक्ष स्टेशन पर कैप्टन शुक्ला और उनकी टीम ने भारतीय अनुसंधान संस्थानों द्वारा विकसित सात सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगों को पूरा किया। यह प्रयोग भविष्य के मिशनों और लंबी अवधि के अंतरिक्ष प्रवास के लिए महत्वपूर्ण डेटा जुटाने के लिए डिजाइन किए गए थे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत के अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को बखूबी व्यक्त किया ।***

***शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा मानव अंतरिक्ष उड़ान एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर एक भारतीय को भेजने जैसे भविष्य के मिशनों का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष एजेंडे में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। समाचार कक्ष से करिश्मा राय।***

**********

शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन आज प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी है। श्रद्धालु आज माँ भगवती के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। मिर्जापुर जिले के विन्ध्याचल स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचलधाम में ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं।एक रिपोर्ट–

***प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में मां विंध्यवासिनी देवी के दिव्य स्वरूप के दर्शन को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है। विंध्य धाम पहुंचे भक्तों और साधकों द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन और अनुष्ठान किए जा रहे हैं। मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मंदिर पहुंचे भक्त भक्ति भाव से मां भगवती की चौखट पर मत्था टेक कर मंगल कामना कर रहे हैं। साथ ही हवन कुंड और मंदिर के शिखर की परिक्रमा कर अपनी श्रृद्धा अर्पित कर रहे हैं। भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए गए हैं। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विन्ध्याचल मिर्जापुर।***

बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्ति पीठ, सीतापुर जिले के नैमिषारण्य स्थित माँ ललिता देवी मंदिर और वाराणसी के दुर्गाकुण्ड पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लगी हैं। सहारनपुर जिले के शिवालिक पहाड़ियों पर स्थित माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर, गोरखपुर जिले में तरकुलहा देवी मंदिर और महराजगंज जिले में स्थित लेहड़ा देवी मंदिर पर भी आज नवरात्र के आखिरी दिन माता के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

दुर्गा पूजा महोत्सव भी आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। कल अष्टमी तिथि पर भारी संख्या में लोगों ने दुर्गा पाण्डालों में जाकर दर्शन पूजन किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। विभिन्न पाण्डालों द्वारा कल भगवती जागरण सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस बीच, गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखनाथ मंदिर में मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ ही मां के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन भी करेंगे।

**********

मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की पहल पर मिशन शक्ति के तहत प्रदेश भर में कल हुए कन्या पूजन कार्यक्रम को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मिशन शक्ति के तहत प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का पूजन किया गया। साथ ही 1,500 से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से भी जोड़ा गया। इन आयोजनों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों के जरिए बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्यऔर आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत सभी विधान सभाओं में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें लगभग 1.5 लाख महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

आज से ट्रेन टिकट की बुकिंग के नये नियम लागू हो जाएंगे। नए नियम के मुताबिक रिजर्वेशन खुलने पर पहले पंद्रह मिनट में केवल वहीं लोग ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे जिनका आधार वेरिफिकेशन हो चुका है।

**********